# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902


पत्रांकः–परीक्षा/244 /2022–23 दिनांकः 05 जनवरी, 2023

## विज्ञप्ति/अधिसूचना

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सहायक अध्यापक एल0टी0 हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामान्य, कला, व्यायाम, गृहविज्ञान, वाणिज्य, संगीत, उर्दू, पंजाबी, बंगाली विषय की दिनांक 08–08–2021 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई।

उक्त लिखित परीक्षा के आधार पर आयोग की विज्ञप्ति दिनांक 31 दिसम्बर, 2021 के द्वारा उपरोक्त विषयों में चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची की गई। जारी श्रेष्ठता सूची के आधार पर आयोग की विज्ञप्ति दिनांक 29.12.2022 के द्वारा सहायक अध्यापक एल0टी0 **हिन्दी, सामान्य एवं व्यायाम** विषय में चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन हेतु **दिनांक 09–01–2023** से विषयवार निर्धारित कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसके अनुसार चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन कार्य किया जाना निर्धारित है।

सूच्य है कि **स0अ0एल0टी0 हिन्दी, व्यायाम एवं सामान्य** विषय की दिव्यांगता श्रेणी की जारी श्रेष्ठता सूची के संदर्भ में दिव्यांग अभ्यर्थियों से प्रत्यावेदन प्राप्त हुए हैं। अतः प्राप्त प्रत्यावेदन के क्रम में दिव्यांगता श्रेणी में चयनित समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **हिन्दी, व्यायाम एवं सामान्य** में दिव्यांगता श्रेणी में चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन कार्य प्रत्यावेदन/प्रकरणों के निस्तारण होने तक **स्थगित** किया जाता है। उक्त विषय की दिव्यांग श्रेणी के अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित कार्यक्रम पृथक से जारी किया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त दिव्यांग श्रेणी में चयनित अभ्यर्थियों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों का विषयवार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही अभिलेख सत्यापन कार्य सम्पादित किया जायेगा।

सचिव

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

देहरादून।